# राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर पुलिया मरम्मत के कारण महाजाम: सतना-रीवा मार्ग पर यात्री बेहाल, एंबुलेंस भी घंटों फंस रहीं



सतना। नेशनल हाईवे-30 पर स्थित एक पुलिया की मरम्मत का कार्य आम जनता के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। सतना-रीवा मार्ग पर पिछले दो सप्ताह से पुलिया टूटी होने के कारण निर्माण कार्य जारी है, जिसकी वजह से सुबह से लेकर रात तक कई किलोमीटर लंबा जाम लग रहा है। प्रशासन द्वारा ट्रैफिक डायवर्ट किए जाने से वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



### दो सप्ताह से हालात बेकाबू

बेला चौकी के प्रभारी एसआई इंद्रबली सिंह के अनुसार,पुलिया क्षतिग्रस्त होने की वजह से वाहन चालकों को डायवर्टेड रूट (परिवर्तित मार्ग) का सहारा लेना पड़ रहा है। हालांकि,रीवा जिले की सीमा में हाईवे पर चल रहे इस निर्माण कार्य का सबसे ज्यादा असर आवागमन पर पड़ रहा है। रामपुर बाघेलान से बेला गांव के बीच रोजाना करीब 2 से 2.5 किलोमीटर लंबा जाम लग रहा है।

### मरीजों की जान पर बन आई

इस जाम का सबसे दुखद पहलू स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ने वाला असर है। सतना से रीवा स्थित संजय गांधी मेडिकल कॉलेज जाने वाले गंभीर मरीज और एंबुलेंस घंटों इस जाम में फंसे रहते हैं। जो सफर सामान्य दिनों में मात्र 1 घंटे में तय हो जाता था,जाम के कारण अब वही दूरी तय करने में 4 से 6 घंटे का समय लग रहा है। आपातकालीन स्थिति में यह देरी मरीजों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है।

### कर्मचारी और अधिकारी भी परेशान

जाम की मार केवल यात्रियों पर ही नहीं,बल्कि उन सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों पर भी पड़ रही है जो प्रतिदिन सतना से रीवा अप-डाउन करते हैं। दोपहिया और चार पहिया वाहनों से चलने वाले लोग जाम में फंसने के कारण समय पर कार्यालय नहीं पहुंच पा रहे हैं। देरी से पहुंचने या जाम के कारण दफ्तर न पहुंच पाने की वजह से कर्मचारियों को विभागीय समस्याओं और अनुपस्थिति का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों और राहगीरों का कहना है कि यदि बायपास रोड (रिंग रोड) का सही ढंग से उपयोग सुनिश्चित किया जाए,तो यात्री जल्दी और सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुँच सकते हैं। फिलहाल, पुलिस प्रशासन ट्रैफिक को सुचारू बनाने की कोशिश में जुटा है,लेकिन निर्माण कार्य की धीमी गति और भारी वाहनों के दबाव ने स्थिति को गंभीर बना दिया है।

## खबर संक्षेप

### भीषण गर्मी की चपेट में सतना: लू और तेज धूप से जनजीवन प्रभावित



सतना। शहर में गर्मी का सितम जारी है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 40.9C और न्यूनतम 23.7C दर्ज किया गया। हालांकि बुधवार के मुकाबले तापमान में मामूली गिरावट रही,लेकिन तीखी धूप और लू के कारण लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा।आर्द्रता का स्तर गिरकर 16% तक पहुँचने से हवा में भारी शुष्की महसूस की जा रही है,जिससे दोपहर के समय झुलसाने वाली स्थिति बन रही है। दोपहर 12 बजे के बाद चल रही गर्म हवाओं ने लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो आने वाले दिनों में गर्मी के तेवर और कड़े हो सकते हैं।

### बिजली के तारों से निकली चिंगारी ने किसान की मेहनत को किया खाक

सतना। अमरपाटन के ग्राम भीषमपुर में एक दुखद हादसा सामने आया है। यहाँ गेहूं की फसल से लदी एक ट्रॉली ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों से टकरा गई। तारों से उठी चिंगारी ने देखते ही देखते पूरी ट्रॉली को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड समय पर नहीं पहुंची। अंततः ग्रामीणों ने खुद मशक्कत कर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक किसान दीनबंधु पटेल की गेहूं की फसल और ट्रॉली जलकर पूरी तरह राख हो चुकी थी।

# अधिवक्ता से सरेराह लूट, पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप; एसपी से न्याय की गुहार

सतना। शहर में बेखौफ बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। ताजा मामला कोलगवां थाना क्षेत्र का है,जहाँ एक अधिवक्ता के साथ बाइक सवार तीन अज्ञात युवकों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया।हैरानी की बात यह है कि पुलिस ने मामले में लूट की रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय फरियादी पर 'सामान गिरने' की रिपोर्ट दर्ज कराने का दबाव बनाया। न्याय न मिलने पर पीड़ित अधिवक्ता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचकर न्याय की गुहार लगाई है।

### क्या है पूरा मामला?

खरिया निवासी अधिवक्ता सुरेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा ने बताया कि घटना 10 अप्रैल सुबह करीब 10 बजे की है। वे अपने छोटे भाई विंध्य कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर कचहरी जा रहे थे। जैसे ही वे शुक्ला टोला स्थित गायत्री ट्रेडर्स के पास पहुँचे,पीछे से एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात युवक आए और झपट्टा मारकर उनका बैग छीनकर फरार हो गए।

### बैग में थे महत्वपूर्ण कानूनी दस्तावेज

पीड़ित के मुताबिक,लूटे गए बैग में कोर्ट से संबंधित 6 महत्वपूर्ण फाइलें और अन्य दस्तावेज थे। इसके अलावा बैग में पंजाब नेशनल बैंक और मध्यांचल ग्रामीण बैंक की पासबुक। बिजली बिल और बीमा किस्त की रसीदें। करीब 6,000 रुपये मूल्य की अन्य सामग्री मौजूद थी।

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल

अधिवक्ता सुरेंद्र प्रसाद का आरोप है कि घटना के बाद वे तुरंत कोलगवां थाना पहुँचे,लेकिन वहाँ के थाना प्रभारी ने लूट का मामला दर्ज करने से इनकार कर दिया। आरोप है कि टीआई ने उनसे कहा कि वे बैग कहीं गिर गया है ऐसी रिपोर्ट दर्ज कराएं। पुलिस के इस अड़ियल रवैये से क्षुब्ध होकर अधिवक्ता ने अब पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का प्रकरण दर्ज करने और आवश्यक कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, सिविल लाइन पुलिस की कार्रवाई



सतना। महिला अपराधों पर लगाम लगाने की दिशा में कार्रवाई करते हुए सिविल लाइन पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी का नाम शिवम रैदास (उम्र 18 वर्ष), पिता गोविंद रैदास है, जो सतना के उचवा टोला का निवासी है। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### नशे में धुत कार सवारों का आतंक,दो भैंसों की मौत और पशुपालक से मारपीट,बगहा बाईपास की घटना

सतना। बगहा बाईपास पर बीती रात रफ्तार और नशे का जानलेवा संगम देखने को मिला। एक तेज रफ्तार कार ने भैंसों के झुंड को जोरदार टक्कर मार दी,जिससे दो भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई। आरोप है कि कार सवार नशे में धुत थे और जब पशु मालिक रज्जन पाण्डेय ने इस घटना का विरोध किया,तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भारतीय विद्या भवन प्रिज्म स्कूल सतना ने दसवीं कक्षा में रचा इतिहास



सतना। सीबीएसई द्वारा 15 अप्रैल 2026 को घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में भारतीय विद्या भवन प्रिज्म स्कूल सतना ने नए कीर्तिमान स्थापित किए। वानिया वाणी खान पुत्री शमीम अख्तर खान, भारतीय विद्या भवन प्रिज्म स्कूल 95.8 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान,इशिता साहू पुत्री संजय कुमार साहू,मेकैनिकल डिपार्टमेन्ट 95 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा शिवांशु तिवारी शिवेन्द्र कुमार तिवारी, माइन्स डिपार्टमेन्ट 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीन छात्रों,अंश सिन्हा पुत्र नीरज सिन्हा इशिता साहू,पुत्री संजय कुमार साहू और शिवांशु तिवारी पुत्र शिवेन्द्र कुमार तिवारी ने सूचना प्रौद्योगिकी में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया। हाल ही में जारी परिणामों में 34 प्रतिशत छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय के 96.55 प्रतिशत छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। जिनमें 86.2 प्रतिशत विद्यार्थियों को विशेष योग्यता प्राप्त हुई। विद्यालय का औसत परीक्षा प्राप्तांक 83.74 प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामानंद गोस्वामी ने सभी छात्रों को उनकी मेहनत और अथक प्रयास के लिए बधाई दी।उपरोक्त आशय की जानकारी प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के डीजीएम सीएसआर एंड पब्लिक रिलेशन देवेन्द्र मिश्रा ने दी।

### नारी शक्ति वंदन पदयात्रा: सतना में गूँजा महिला सशक्तिकरण का शंखनाद



सतना। शहर में महिला सशक्तिकरण का भव्य नजारा देखने को मिला,जब 'नारी शक्ति वंदन पदयात्रा' के माध्यम से समाज में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित किया गया।इस पदयात्रा का शुभारंभ शासकीय इंदिरा कन्या महाविद्यालय से हुआ,जिसे राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।विशेष बात यह रही कि राज्यमंत्री स्वयं पूरी यात्रा के दौरान पैदल चलकर महिलाओं का उत्साह वर्धन करती रहीं। पदयात्रा का समापन कलेक्ट्रेट परिसर में हुआ,जहाँ महिलाओं के अधिकारों और गरिमा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक वृहद हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इसमें महापौर योगेश ताम्रकार,जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह और कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने हस्ताक्षर कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों और बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं की उपस्थिति ने इस आयोजन को एक जन-आंदोलन का रूप दे दिया,जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सोच में सकारात्मक बदलाव लाना है।

## नागौद में बारापत्थर हत्याकांड का मुख्य आरोपी चंदन यादव गिरफ्तार




सतना। नागौद थाना पुलिस ने बहुचर्चित 'बारापत्थर हत्याकांड' के मुख्य आरोपी चंदनयादव को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। रीवा जोन के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिसटीम ने पन्ना जिले के धर्मपुर क्षेत्र से आरोपी को दबोचा। आरोपी चंदन यादव पर 20,000 रुपये का इनाम घोषित था।

### घटना का संक्षिप्त विवरण


मामला 5 मार्च 2026 की रात का है,जब बारापत्थर निवासी बबलू यादव की उनके घर के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसी दौरान आरोपियों ने राणा यादव की दुकान में घुसकर उनके पैर में भी गोली मारी थी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद से ही मुख्य आरोपी चंदन यादव और उसका साथी राजू लोहार फरार चल रहे थे। पुलिस इस मामले में शरद यादव,आलोक सोनी और प्रेम पुरवार सहित पांच अन्य आरोपियों को पहले ही जेल भेज चुकी है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 15 अप्रैल को आरोपी चंदन यादव को ग्राम मौकत (पन्ना) से हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर सिंहपुर रोड स्थित कतकौन पुलिया के पास झाड़ियों से एक 32 बोर पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

### पारिवारिक रंजिश का मामला

पुलिस के अनुसार,आरोपी चंदन यादव और मृतक बबलू यादव एक ही परिवार के सदस्य हैं। इस पूरी कार्रवाई में नागौद पुलिस के साथ सायबर सेल सतना और अन्य थानों के प्रभारियों की सराहनीय भूमिका रही। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर अग्रिम न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

## वैक्सीनेशन में सतना-मैहर की लंबी छलांग: 49वें पायदान से टॉप 20 में बनाया स्थान

सतना। सतना और मैहर जिलों ने एचपीवी वैक्सीनेशन के चुनौतीपूर्ण अभियान में एक मिसाल पेश की है। कुछ समय पहले तक प्रदेश की रैंकिंग में 52 जिलों में से 49वें स्थान पर रहने वाले ये दोनों जिले आज अपनी कड़ी मेहनत और बेहतर समन्वय के दम पर 89% लक्ष्य हासिल कर टॉप 20 में शामिल हो गए हैं। सतना कलेक्टर सतीश कुमार एस और मैहर कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी के निर्देशन में यह कायाकल्प संभव हो सका है। अभियान की सफलता को अंतिम रूप देने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नेतृत्व में एक मैराथन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई। इस डिजिटल बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास और पंचायत विभाग के लगभग 500 अधिकारी-कर्मचारी एक साथ जुड़े। बैठक में संकल्प लिया गया कि कल तक शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर दोनों जिलों को प्रदेश के टॉप 10 में स्थापित किया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के जमीनी स्तर के कर्मचारियों से लेकर जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों ने कल की अंतिम कार्ययोजना पर अपनी सहमति और संकल्प व्यक्त किया।




## बिजली पोल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग



मैहर। मैहर नगर में एक बड़ा हादसा उस समय टल गया जब बिजली के पोल में अचानक हुए शॉर्ट सर्किट से आग लग गई और उसकी चिगारी नीचे खड़ी एक कार तक जा पहुंची जिसके चलते इस घटना से इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेस्ट हाउस के पास स्थित पार्किंग क्षेत्र में खड़े बिजली के पोल में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ जिससे चिगारियां निकलने लगीं और ये चिगारियां नीचे खड़ी एक कार पर गिरीं और उसमें आग लग गई। आग लगते ही आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। इसी दौरान मौके पर मौजूद एक युवक ने बिना अपनी जान की परवाह किए ठेले पर चढ़कर लकड़ी के डंडे से बिजली पोल पर लग रही आग को बुझाने की कोशिश की गई और उसकी इस बहादुरी और सूझबूझ से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया और बड़ा हादसा टल गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि कार को आंशिक नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ देर तक लोगों की भीड़ लगी रही। फिलहाल आग लगने के कारणों को लेकर जांच की जा रही है।

## बिजनेस साइट

### प्रभावशाली आबंटन: सेक्टर्स, थीम्स और स्थिरता के लिए एक ही फंड



जयप्रकाश खूबचंदानी
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, सतना

सतना। सेक्टर्स और थीम्स साइकिल से गुजरते हैं। एक फेज में बैंकिंग और फाइनेंशियल अच्छा करते हैं, दूसरे में टेक्नोलॉजी, जब मैक्रो हालात बदलते हैं तो फार्मा सेक्टर में तेजी आती है, और जब खर्च बढ़ता है तो कंजम्पशन सेक्टर फिर से मजबूत होता है। एक इन्वेस्टर के लिए चुनौती हमेशा एक ही रही है-आप सही समय पर सही जगह पर कैसे रहें?

सेक्टर और थीमैटिक रोटेशन के आधार पर बनाया गया फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) स्ट्रक्चर ठीक इसी समस्या को हल करने की कोशिश करता है। अलग-अलग स्टॉक्स रखने के बजाय, यह सेक्टोरल और थीमैटिक म्यूचुअल फंड स्कीम्स का एक बास्केट रखता है, और जहां भी मौका दिखता है, उनके बीच एक्टिव रूप से एलोकेशन बदलता रहता है। जब फाइनेंशियल सेक्टर्स आकर्षक लगते हैं, तो पोर्टफोलियो ऐसी स्कीम्स में ज्यादा एलोकेशन कर सकता है। जब एफएमसीजी या फार्मा जैसे डिफेंसिव सेक्टर्स ज्यादा सही लगते हैं, तो यह उधर चला जाता है। इन्वेस्टर को हर सेक्टर को अलग से ट्रैक करने या अलग-अलग फंड्स को बदलने का समय तय करने की जरूरत नहीं होती। यह रणनीति एफओएफ फॉर्मेट के तहत एक ही स्कीम के अंदर यह सब खुद ही कर लेती है।

इस अप्रोच को और भी ज्यादा मुकम्मल बनाने वाली बात यह है कि इसमें इक्विटी एलोकेशन के साथ-साथ डेट (कर्ज) में भी निवेश करने की सुविधा होती है। पूरी तरह से इक्विटी पर आधारित स्ट्रैटेजी में उतार-चढ़ाव ज्यादा हो सकता है, खासकर तब जब बाजार दबाव में हो। एक इन-बिल्ट डेट कंपोनेंट, जो सेक्टर और थीमैटिक दांव के साथ-साथ चलता है। पोर्टफोलियो को कुछ हद तक स्थिरता देता है, बिना उसकी ग्रोथ की दिशा को मौलिक रूप से बदले। यह कोई बहुत ज्यादा सुरक्षित (कंजर्वेटिव) एलोकेशन नहीं है, इसमें इक्विटी वाला हिस्सा ही मुख्य रूप से रिटर्न दिलाने का काम करता है। लेकिन डेट का यह सहारा बाजार के मुश्किल दौर में झटकों को झेलने में मदद करता है।

इस स्ट्रैटेजी में यह लचीलापन भी है कि जब मौका मिले, तो यह स्मॉल और मिड-कैप पर आधारित स्कीम्स में भी निवेश कर सकती है। इसका मतलब है कि जब हालात अनुकूल हों, तो पोर्टफोलियो ज्यादा रिस्क ले सकता है, और जब जरूरत हो, तो ज्यादा सुरक्षित (डिफेंसिव) स्थिति अपना सकता है, और यह सब कुछ उसी एक एफओएफ स्कीम के दायरे में ही होता है।

ऐसे माहौल को देखते हुए निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एग्रेसिव हाइब्रिड एक्टिव एफओएफ (जिसे पहले थीमैटिक एडवांटेज एफओएफ कहा जाता था) पर विचार कर सकते हैं। 1 अप्रैल, 2026 से, यह इक्विटी में 65-80 फीसदी (मिड और स्मॉल कैप में सेक्टोरल, थीमैटिक और मार्केट-कैप के अवसर) और डेट में 20-35 फीसदी निवेश करेगा। यह एलोकेशन सेबी के एफओएफ के लिए बनाए गए नए फ्रेमवर्क के अनुरूप होगा, जिसे एएमएफआई के जरिए फरवरी 2025 में पेश किया गया था।

दिसंबर 2003 में लॉन्च किए गए इस फंड ने वेल्थ क्रिएशन के मामले में लॉन्ग-टर्म में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन का रिकॉर्ड बनाया है। 31 मार्च, 2026 तक, फंड ने 3-वर्षीय सीएजीआर 15.11 फीसदी, 5-वर्षीय सीएजीआर 14.91 फीसदी और 10-वर्षीय सीएजीआर 14.47 फीसदी दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### देवेन्द्रनगर की बेटी अदिति जैन ने 10वीं में 88 प्रति अंक हासिल कर बढ़ाया मान, वकील बनने का सपना



**देवेन्द्रनगर।** क्षेत्र की होनहार छात्रा अदिति जैन ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 88.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया है। अदिति जैन, माता वर्षा जैन एवं पिता अजित जैन (छोटे) की पुत्री हैं और वे देवेन्द्र नगर की निवासी हैं। आस्था जैन रेनबो पब्लिक स्कूल की छात्रा हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और नियमित पढ़ाई को दिया है। आस्था का सपना आगे चलकर एक पेशेवर वकील बनने का है, जिसके लिए वह अभी से पूरी लगन के साथ तैयारी कर रही हैं। आस्था के पिता अजित जैन (छोटे )पेशे से होटल व्यवसायी हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी ने हमेशा पढ़ाई को प्राथमिकता दी और कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास से यह सफलता हासिल की है। आस्था की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि लगन, मेहनत और सतत प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

### पाइप लाइन ठेकेदार की मनमानी तीन महीना से खुदी पड़ी लाइन आए हो रही दुर्घटनाएं

**पन्ना।** पन्ना नगर पालिका क्षेत्र में अमृत 2 योजना के तहत पाइपलाइन बिछाई गई जिसमें पाइपलाइन बिछाने वाले ठेकेदार द्वारा सड़क खोदकर अनेक स्थानों पर पाइप लाइन डाल दी गई लेकिन उक्त सड़क की मरम्मत नहीं की गई तथा अनेक स्थानों पर गड्ढे खोदे हुए डाले हैं जिससे आम लोग परेशान हैं इसी प्रकार का मामला नगर पालिका वार्ड क्रमांक 13 भारतीय स्टेट बैंक के सामने का है जहां पर राधा रानी साड़ी सेंटर सहित स्थित दुकान के सामने नाली खुली हुई है उसके सामने भारी गड्ढे खुले होने के चलते दुकानदारों को तथा आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है स्थानीय लोगों ने उक्त गड्ढों का सुधार कार्य कराए जाने की मांग की गई है।

# पन्ना पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र में लगातार हो रही बकरी चोरी की वारदातों का किया गया खुलासा

**सकिरया छापरटेक जंगल से तीन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार**

**आरोपी रात्रि के समय सुनसान एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मकानों को चिन्हित कर घरों की पीछे की दीवार तोड़कर, पत्थर या ईंटें निकालकर बकरी चोरी की घटना को देते थे अंजाम**

**आरोपियों के कब्जे से 16 नग बकरा-बकरियाँ, 14,000 नगदी एवं घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटर साइकिल की गई जप्त**



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में लगातार हो रही बकरी चोरी की घटनाओं का सफल खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गई बकरा-बकरियाँ, नगदी एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल सहित कुल 1,94,000 रुपये का मशरूका जप्त किया है। एक आरोपी अब भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। कोतवाली थाना क्षेत्र में विगत दिनों बकरी चोरी की लगातार घटनाएँ सामने आई थीं। दिनांक 03.04.2026 को फरियादी कमलेश सोनकर निवासी हीरापुर टपरिया पन्ना ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात चोरों द्वारा पीछे की दीवार तोड़कर 09 नग बकरा-बकरियाँ चोरी कर ली गईं। इसी प्रकार दिनांक 09.04.2026 को फरियादी रावसाहब सिंह निवासी विक्रमपुर ने घर के पीछे के कमरे का दरवाजा खोलकर 08 नग बकरियाँ चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं दिनांक 14.04.2026 को फरियादी मुन्ना गौड़ निवासी जरुआपुर ने अपने घर एवं पड़ोसी के घर से 14 नग बकरा-बकरियाँ चोरी होने की सूचना दी। उक्त घटनाओं पर अलग-अलग अपराध क्रमांक 241/26, 256/26, 271/26 पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पन्ना एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रोहित मिश्रा के नेतृत्व मे थाना स्तर पर एक विशेष टीम गठित की गई साथ तकनीकि सहायता हेतु सायबर सेल पन्ना को निर्देशित किया गया। पलिस टीम द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु सतत प्रयास एवं सूक्ष्म स्तर पर जांच की गई। क्षेत्र में सक्रिय मुखबिर तंत्र को लगाया गया, समान हुलिया के संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कराई गई तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे व्यक्तियों पर नजर रखने हेतु निर्देशित किया गया जो बकरियों की खरीद-फरोख्त में संलिप्त रहते हैं। पुलिस टीम द्वारा लगातार फील्ड में मेहनत, सूचनाओं का सत्यापन एवं संदिग्धों की गतिविधियों पर निगरानी रखी गई, जिसके फलस्वरूप महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। दिनांक 15.04.2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सकरिया क्षेत्र मे छापरटेक जंगल में कुछ लोगो की आवाजाही रहती है जिनके बकरियों की चोरी कर उनके खरीद-फरोख्त में शामिल होने की संभावना हैं। सूचना पर पुलिस टीम इलाके की घेराबंदी कर दबिश दी गई जहां मौके से आरोपी अदस खां, ऐशन खां एवं मोहित कुमार खटीक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने साथी इनायत खान के साथ मिलकर उक्त तीनों चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों ने कुल 31 नग बकरा-बकरियाँ चोरी करना बताया, जिनमें से कुछ जंगल में छिपाई गई थीं तथा कुछ आरोपी मोहित खटीक को बेची गई थीं। पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से कुल 16 नग बकरा-बकरियाँ, 14,000 नगद एवं घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटर साइकिल जप्त की गई। गिरफ्तार आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। फरार आरोपी इनायत खान की तलाश जारी है।

**जप्त मशरूका -** मामले मे चोरी की गई 16 नग बकरा-बकरियाँ कीमत 80,000, 14,000 नगदी, 01 पल्सर मोटर साइकिल कीमती 1,00,000 सहित कुल मशरूकारू 1,94,000

**गिरफ्तार आरोपी-** 1. अदस खां पिता फिरोज खां, उम्र 30 वर्ष, निवासी लोकपाल सागर चांदमारी टपरियन पन्ना (हाल बिलासपुर छत्तीसगढ़) 2. ऐशन खां पिता फिरोज खां, उम्र 22 वर्ष, निवासी लोकपाल सागर चांदमारी टपरियन पन्ना (हाल बिलासपुर छत्तीसगढ़) 3. मोहित कुमार खटीक पिता स्व. कैलाश खटीक, उम्र 26 वर्ष, निवासी इन्दरनगर नागौद जिला सतना

**तरीका-ए-वारदात-** आरोपी रात्रि के समय सुनसान एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मकानों को चिन्हित करते थे। इसके बाद घरों की पीछे की दीवार तोड़कर, पत्थर या ईंटें निकालकर अथवा कमरों के ताले व दरवाजे खोलकर अंदर प्रवेश करते थे। मौके से बकरा-बकरियाँ चोरी कर उन्हें जंगलों अथवा सुनसान स्थानों पर छिपा देते थे तथा बाद में अन्य जिलों के व्यापारियों को बेचने की फिराक में रहते थे।

**सराहनीय योगदान-** उक्त संपूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रोहित मिश्रा, उनि कमल विक्रम पाठक, सउनि कुंज बिहारी कोल, सउनि सुभाष चन्द्र लोध, प्र आर. आईमात सेन, खेमचन्द्र, संतोष तोमर, जयपाल सिंह, आर. अभिषेक यादव, प्रसंग मिश्रा, राहुल सूर्यवंशी, महेन्द्र चढार, घनश्याम, सुजीत एवं सायबर सेल टीम का सरानीय योगदान रहा।



## शासकीय हाई स्कूल बड़ागांव के नमन शुक्ला ने प्रावीण्य सूची में बनाया स्थान

**पन्ना।**

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 15 अप्रैल 2026 को जारी कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में शासकीय हाई स्कूल बड़ागांव, पन्ना के छात्र नमन शुक्ला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के छात्र नमन शुक्ला पिता दीपेन्द्र कुमार शुक्ला, निवासी बड़ागांव देवेन्द्रनगर पन्ना ने 500 में से 491 अंक यानी 98.2 प्रतिशत प्राप्त कर प्रदेश प्रावीण्य सूची में 9वां स्थान हासिल किया है।

नमन ने अपनी इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय और गांव, बल्कि पूरे जिले का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन किया है। छात्र की इस उपलब्धि पर प्राचार्य श्रीमती जानवी खरे एवं समस्त विद्यालय परिवार ने नमन शुक्ला का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर छात्र एवं अभिभावक पिता दीपेन्द्र कुमार शुक्ला एवं माता श्रीमती लक्ष्मी शुक्ला को सम्मानित कर छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस सम्मान समारोह में विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक श्रीमती अनीता शर्मा (माध्य. हिन्दी), श्रीमती सीमा पाठक (माध्य. विज्ञान), ओ.पी. चतुर्वेदी (माध्य. स.वि.), राजेश कुमार कोरी (माध्य. अंग्रेजी), रामानंद सिंह (मा.शि. संस्कृत), ऋषिकेश कुमार पटेल (अति. गणित) व श्रीमती रचना गौतम (माध्य. प्रयोगशाला) वर्तमान मध्यान्ह भोजन प्रभारी उपस्थित रहे।

## बजरंग दल ने पकड़ा 23 नग गौवंश बैल से भरा ट्रक

### किया पुलिस के हवाले, श्री विद्यासागर गौ रक्षा संवर्धन गौशाला में सुरक्षित छोड़ा गया

**पवई।** बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा सलेहा पवई मार्ग पर टेढ़ी वर्दी के पास एक गौवंश(बैल) से भरे ट्रक को पकड़ने का मामला सामने आया है। बता दें कि बीती रात्रि लगभग एक बजे सलेहा से एक आयशर ट्रक क्रमांक सीजी 04 पी यू 5289 पवई की ओर आ रहा था। जिसमें गौवंश होने की जानकारी बजरंग दल गुनौर के कार्यकर्ताओं ने पवई बजरंग दल के शिवम् पांडे को दी,जिस पर जानकारी लगते ही शिवम पांडे और अंशुल नगायच रात्रि लगभग एक बजे सलेहा रोड जगनपुरा के आगे टेढ़ी वर्दी पहुंचे,इनको देखते ही ट्रक ड्राइवर पीछे लगी स्विफ्ट में ट्रक को बंद कर छोड़कर भाग निकला, बजरंग दल कार्यकर्ता के द्वारा इसकी जानकारी तुरंत पवई पुलिस को दी गई जिस पर रात्रि गस्त पर रहे ए एस आई आनंद मोहन मिश्रा दल बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और ट्रक को कब्जे में लिया, और ड्राइवर की तलाश की पर वह भाग निकला,इसके बाद बुधवार को सुबह मैकेनिक की सहायता से ट्रक को चालू कर ले जाकर सभी 23 नग गौवंश (बैल) को पवई से 8 किलोमीटर दूर श्री विद्यासागर गौ रक्षा एवं संवर्धन समिति गौशदन की गौशाला में सुरक्षित छोड़ दिया गया,जहां पशु चिकित्सक के द्वारा उनकी जांच की गई एवं घायल पशुओं का इलाज किया गया। इस दौरान बजरंग दल के प्रखंड संयोजक शिवम पांडे भी मौजूद रहे उन्होंने पुलिस की कार्यवाही की प्रशंसा की



और कहा की पुलिस के सहयोग से हम गौवंश को सुरक्षित बचाने में सफल रहे। घटना की जानकारी उप निरीक्षक सरिता तिवारी के द्वारा दी गई। इस दौरान आरक्षक प्रेम नारायण प्रजापति मनोज अहिरवार, चालक नागेन्द्र माझी मौजूद रहे।

## अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद, डिप्टी रेंजर की भूमिका संदिग्ध

**पन्ना।** जिले के सलेहा वन परिक्षेत्र में वन भूमि पर भू-माफियाओं और अतिक्रमणकारियों द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जे पर वर्तमान रेंजर जीतू सिंह ने कारवाही की है। लंबे समय से सलेहा वन भूमि की सैकड़ों एकड़ जमीन पर अतिक्रमणकारियों द्वारा कब्जा किया जा रहा था, जिस पर वनरक्षक एवं डिप्टी रेंजर द्वारा समय पर निरीक्षण न किए जाने के कारण इनके हौसले बुलंद थे। जानकारी अनुसार, वन भूमि की सीमा बताने वाले मुनारों को अंदर की तरफ खिसकाकर अवैध तरीके से तार फेंसिंग की गई थी तथा बस स्टैण्ड के पीछे भी अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमणकारियों द्वारा घर बना लिये गये है। इतना ही नहीं, डिप्टी रेंजर दिलीप सिंह की कथित शह पर वन भूमि से हजारों डंपर मुरूम का अवैध उत्खनन कर उसे बाहर निकाला गया, जिससे सरकार को भारी राजस्व की हानि हुई है। इस पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब रेंजर जीतू सिंह को इस अवैध गतिविधि की भनक लगी। उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत संज्ञान लिया और मौके पर पहुंचकर सख़्त कार्रवाई को अंजाम दिया। रेंजर द्वारा वहां की गई तार फेंसिंग को जब्त कर पत्थर के खंभों को तोड़ दिया गया और अतिक्रमण को पूरी तरह हटा दिया गया। जीतू सिंह की इस सक्रियता ने जहां एक ओर वन भूमि



को मुक्त कराया है, वहीं दूसरी ओर विभाग के ही अन्य अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब यह गहन जांच का विषय है कि जब डिप्टी रेंजर दिलीप सिंह को क्षेत्र में हो रहे इतने बड़े अतिक्रमण और अवैध उत्खनन की पूरी जानकारी थी, तो उन्होंने आज दिनांक तक विभाग के उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना क्यों नहीं दी। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा आम है कि डिप्टी रेंजर पर वरिष्ठ अधिकारियों की विशेष मेहरबानी बनी हुई है, जिसके कारण वे अपनी मनमानी कर रहे हैं और उन पर कोई ठोस संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। यदि समय रहते इस अतिक्रमण को रोका गया होता, तो आज न केवल हजारों डंपर मुरूम की चोरी बचती, बल्कि वहां नष्ट की गई छोटी-छोटी वनस्पतियां और हरे-भरे पेड़-पौधों को भी बचाया जा सकता था। प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा के इस दोहन और पर्यावरणीय क्षति के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है, यह सवाल अब प्रशासन के सामने खड़ा है। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को इस मामले में डिप्टी रेंजर की संदिग्ध भूमिका की जांच कर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि भविष्य में वन संपदा के साथ ऐसा खिलवाड़ न हो सके। इनका कहना है आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है संबंधित डिप्टी रेंजर के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# जनवार बनेगा पर्यटन ग्राम, 10 होम स्टे उद्घाटन से बढ़ी उम्मीदें प्रकृति की गोद में बसे क्षेत्र को मिलेगी नई पहचान- बृजेंद्र प्रताप सिंह

**पन्ना।** जिले के प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर जनवार गांव को अब पर्यटन के मानचित्र पर नई पहचान मिलने जा रही है। पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने जनवार में नव-निर्मित 10 होम स्टे का विधिवत उद्घाटन किया और इसे पर्यटन ग्राम के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।





इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि जनवार क्षेत्र प्राकृतिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है और यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि जनवार, के पास पन्ना टाइगर रिजर्व के बफर जोन गेट अकोल स्थित है, साथ ही पन्ना टाइगर रिजर्व के अकोला, हिनौता जैसे प्रमुख प्रवेश द्वारों के नजदीक होने के कारण पर्यटकों के लिए बेहद आकर्षक स्थल बन सकता है।विधायक श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि "पन्ना प्रकृति की गोद में बसा हुआ एक अनमोल क्षेत्र है। यहां के जंगल, वन्यजीव और प्राकृतिक वातावरण पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। अब जनवार में होम स्टे की सुविधा शुरू होने से पर्यटक यहां रुककर इस क्षेत्र की सुंदरता का और नजदीक से अनुभव कर सकेंगे।" उन्होंने आगे कहा कि पन्ना टाइगर रिजर्व देश के प्रमुख वन्यजीव अभयारण्यों में से एक है, जहां टाइगर, तेंदुआ सहित कई दुर्लभ वन्यजीवों का निवास है। जनवार क्षेत्र में भी पर्यटकों को इन वन्यजीवों को देखने का अवसर आसानी से मिल सकता है, जिससे यह क्षेत्र वाइल्डलाइफ टूरिज्म के लिए खास महत्व रखता है।पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जनवार गांव को पर्यटन ग्राम के रूप में विकसित करने की योजना के तहत यहां मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। स्थानीय लोगों को होम स्टे संचालन, गाइड सेवा और अन्य पर्यटन गतिविधियों से जोड़कर रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। होम स्टे की शुरुआत से न केवल पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इससे स्थानीय संस्कृति, खानपान और परंपराओं को भी बढ़ावा मिलेगा।कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि आने वाले समय में जनवार क्षेत्र पर्यटन के क्षेत्र में एक नई पहचान स्थापित करेगा।ग्राम वासियों का मानना है कि जनवार में होम स्टे का उद्घाटन पन्ना जिले के पर्यटन विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो न केवल क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को दुनिया के सामने लाएगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और विकास के नए रास्ते भी खोलेगा।

## अमित सिंगल रावलवासिया को 'हिंदू रत्न' से सम्मानित, मंदिर ट्रस्ट ने दिया प्रशस्ति पत्र पन्ना



**पन्ना।** सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने वाले अमित सिंगल रावलवासिया भिवानी (हरियाणा) को 'हिंदू रत्न' से सम्मानित किए जाने पर श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वर्तमान में अमित सिंगल रावलवासिया श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट पन्ना के ट्रस्टी के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पन्ना के विद्वान व पुजारी जिनमें पुजारी पवन शर्मा पुजारी रोशन त्रिपाठी पुजारी मदन शर्मा पुजारी दीपक शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने अपना आशीर्वाद प्रदान किया। ट्रस्ट की ओर से जारी प्रशस्ति पत्र में उनके समाजसेवा, धार्मिक गतिविधियों में योगदान तथा संगठनात्मक कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा कि अमित सिंगल रावलवासिया ने सदैव समाज के हित में कार्य करते हुए धार्मिक एवं सामाजिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है, जो अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट द्वारा अमित जी को हरियाणा क्षेत्र का जागनी कार्य का कार्यभार दिया था, कार्यभार देते ही हरियाणा क्षेत्र से परमहंस गुरुजी सदानंद महाराज का दीक्षा ग्रहण स्मृति उत्सव पहली बार बड़े ही उत्साह के साथ पन्ना धाम में मनाया। जिसमें अलग अलग राज्य से श्रद्धालु आए। पन्ना धाम जी में श्री तारतम मंत्र दीक्षा ग्रहण स्मृति उत्सव पहली बार किसी संत के लिए याद में मनाया गया जो कि अपार हर्ष का विषय है। सम्मान प्राप्त होने पर अमित सिंगल रावलवासिया ने ट्रस्ट के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में और अधिक सेवा कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि समाज और धर्म के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना ही उनका मुख्य उद्देश्य है।कार्यक्रम में ट्रस्ट से जुड़े अन्य सदस्य एवं श्रद्धालु भी उपस्थित रहे, विनोद तायल फतेहाबाद, अशोक बंसल आदमपुर, कैलाश गर्ग दिल्ली, राकेश सिडाना जयपुर और अशोक प्रणामी जयपुर ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना पवई की प्रभावी कार्यवाही

### विगत 15 दिवस में कुल 4 नाबालिक बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में जिले में गुम नाबालिक बालक-बालिकाओं की सकुशल दस्तयाबी हेतु पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा दिनांक 01 अप्रैल 2026 से संचालित "ऑपरेशन मुस्कान" के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह एवं एसडीओपी पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में थाना पवई पुलिस द्वारा लगातार गुमशुदा नाबालिकों की तलाश की जा रही है।



**कार्य विवरण –** थाना पवई के अपराध क्रमांक 74/26, 26/26, 89/26 एवं 111/26, जो कि गुम नाबालिक बालक-बालिकाओं से संबंधित प्रकरण थे, में प्रभावी कार्यवाही करते हुए पवई पुलिस टीम द्वारा देश के विभिन्न राज्यों से कुल 04 नाबालिक बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब किया गया। दस्तयाबी उपरांत सभी बालिकाओं को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया, जिस पर परिजनों द्वारा पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

**महत्वपूर्ण भूमिका –** उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार, उप निरीक्षक सरिता तिवारी, सहायक उप निरीक्षक विजय गर्ग, प्रधान आरक्षक नीरज रैकवार, प्रधान आरक्षक अनिल गर्ग, आरक्षक राहुल अहिरवार, आरक्षक रमाकांत कुर्मी, महिला आरक्षक विनीती सिंह, खुशबू सिंह, प्रतीक्षा एवं अंजली तथा साइबर सेल पन्ना की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## किसान की लड़ाई समाजसेवी को पड़ी महंगी, प्रशासन में नोटिस किया जारी

**पन्ना।** पन्ना जिले की सिमरिया तहसील अंतर्गत हरदुआ केन में स्थित जेके सीमेंट कंपनी द्वारा मनमाने ढंग से अनेक किसानों की जमीन बिना मुआवजा के अधिग्रहित की जा रही है जिसको लेकर लोगों में आक्रोश का माहौल व्याप्त है इसी प्रकार अर्पित पटेल पिता लखन पटेल निवासी ग्राम कोनी तहसील सिमरिया की 72 एकड़



जमीन धारा 247 की कार्यवाही करते हुए अधिकृत कर ली गई तथा उसका मुआवजा भी नहीं दिया गया ।

इसके बाद सीमेंट प्लांट द्वारा 31 3.26 को खसरा क्रमांक 882/1 मैं बिना किसी अनुमति के जमीन में भारी गड्ढे खोद दिए गए तथा जमीन में माइनिंग कर दी गई जिसको लेकर पीड़ति पक्ष तथा समाजसेवी अंकित पाठक द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। इसके बाद संबंधित मामले की जांच कलेक्टर के निर्देश पर जिला खनिज अधिकारी रवि पटेल एसडीएम पवई समीक्षा जैन सहित अन्य अधिकारियों द्वारा की गई थी। लेकिन आज दिनांक तक संबंधित मामले में कोई कार्यवाही नहीं हुई है उल्टा समाजसेवी अंकित पाठक को विभिन्न धाराओं से संबंधित तहसीलदार सिमरिया द्वारा नोटिस जारी किया गया जिसको लेकर क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है अंकित द्वारा कहा गया कि यह तो तानाशाही है किसी के लिए न्याय मांगने में साथ देना अपराध बन गया है श्री पाठक ने जिला कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जांच करवाने तथा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

**इनका कहना है-** संबंधित मामले में शोकस नोटिस प्रबंधन को जारी किया जा रहा है उसके बाद जवाब आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**रवि पटेल खनिज अधिकारी जिला पन्ना**

संबंधित मामले में हम लोगों द्वारा निरीक्षण किया गया था लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

**समीक्षा जैन, एसडीएम पवई जिला पन्ना**

## खत्म हुआ पंच तत्व सत्याग्रह आंदोलन

# केन बेतवा लिंक परियोजनाः प्रशासन द्वारा पुनः सर्वे कराने दल गठित

### जमीनी स्तर पर दल जाकर करें सर्वे : अमित भटनागर



**छतरपुर।** केन बेतवा लिंक परियोजना जिसे नदी जोड़ो अभियान के नाम से जाना जा रहा था और यह प्रधानमंत्री का एक सपना था और इस सपने के तहत बिजावर क्षेत्र के ढोडन्न मे केन नदी पर बांध बनाया जा रहा था। जिसके बदले में किसानों को मुआवजा दिया गया और उनकी जमीन अधिग्रहीत की गई लेकिन प्रशासन द्वारा दिए गए मुआवजे से हजारों आदिवासी किसान अंसतुष्ट थे। किसानों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए समाजसेवी अमित भटनागर शुरू से ही लड़ाई लड़ रहें है। और इस बार उनके द्वारा पंच तत्व सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया गया लेकिन पंच तत्व सत्याग्रह आंदोलन के आगे प्रशासन को झुकना पड़ा और अंत मे यह निर्णय लिया गया कि 14 गावो का पुनः सर्वे कराया जाएंगा और इसके लिए जिला कलेक्टर ने एसडीएम के नेतृत्व मे सर्वे दल गठित कर दिए यह सर्वे दल गांव गांव पहुंचकर प्रभावित किसानों की समस्या से रूवरू होकर प्रशासन को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। पंच तत्व सत्याग्रह आंदोलन कर रहें आंदोलनकारियों की यहीं मांग थी और प्रशासन द्वारा उनकी मांग माने जाने पर 12वें दिन इस आंदोलन को खत्म कर दिया गया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहें समाजसेवी अमित भटनागर ने कलेक्टर के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहां कि हमने प्रशासन को 10 दिन का समय दिया है। 10 दिन मे प्रशासन द्वारा गठित दल किसानों के पास जाकर जमीनी स्तर पर सर्वे करें ताकि सच्चाई सामने आ सके। कि कहां कहां सर्वे कार्य मे गड़बड़ी हुई है। समाजसेवी अमित भटनागर ने बताया कि 5 चरणों मे उनका यह आंदोलन चला अतिंम दिन सार्केतिक फांसी लगाकर आंदोलन किया गया। इस दौरान जल आंदोलन भी किया गया और उपवास आंदोलन भी हुआ 12 दिनों तक हजारों आदिवासी परिवारों की महिलाएं और पुरूष बच्चे ढोडन्न बांध स्थल पर डटे रहे। लेकिन अंत मे उनकी मांग पूरी हुई अमित भटनागर ने यह भी बताया कि प्रशासन बहुत ही अच्छी तरह से उनकी मांगों को सुना और निराकरण करने की पहल की छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने ही पन्ना प्रशासन से पन्ना जिले की स्थानीय मांगो के संबंध मे चर्चा की और पन्ना स्थानीय प्रशासन ने भी बांध स्थल पर पहुंचकर आंदोलनकारियों से चर्चा की। पंच तत्व सत्याग्रह आंदोलन की चिता आंदोलन से शुरूवात हुई फिर उपवास आंदोलन, मिटट्री आंदोलन, और अतिंम दिन सार्केतिक फांसी आंदोलन हुआ। जिला पंचायत सीईओ के नेतृत्व मे प्रशासन की टीम ने आंदोलन स्थल पर पहुंचकर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे समाजसेवी अमिट भटनागर और हजारों आदिवासियों से चर्चा की इसके उपरांत ही प्रशासन ने पुनः सर्वे कराने का निर्णय लिया प्रशासन का यह निर्णय निश्चित ही आंदोलन कर रहें आदिवासियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

## खबर संक्षेप

### तलैया में डूबने से युवक की मौत

**छतरपुर ।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सटई रोड स्थित पीतांबरा मंदिर के पास एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहाँ रेलवे लाइन के समीप बनी एक तलैया में बीते रोज मछली पकड़ते समय पैर फिसलने से 26 वर्षीय युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पीतांबरा मंदिर के पीछे रहने वाला पंकज अहिरवार (26 वर्ष), पिता बसंता अहिरवार, आज दोपहर तलैया में बंसी डालकर मछली पकड़ रहा था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। बताया जा रहा है कि युवक को तैरना नहीं आता था, जिसके कारण वह खुद को संभाल नहीं पाया और पानी में डूब गया।हादसे की सूचना तुरंत सिविल लाइन पुलिस को दी गई। मौके पर पहुँची पुलिस ने होमगार्ड के जवानों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद दोपहर करीब 4:30 बजे युवक के शव को पानी से बाहर निकाला जा सका। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर जांच शुरू कर दी है।

### हिमांशी ने रचा सफलता का इतिहास



**छतरपुर।** सिंधी समाज के मीडिया प्रभारी केशव सिंधी की सुपुत्री हिमांशी ने कक्षा 12वीं (कॉमर्स संकाय, अंग्रेजी माध्यम) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1, छतरपुर से 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में कॉमर्स संकाय में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इस उपलब्धि के पीछे विद्यालय के गुरुजनों, माता-पिता तथा ट्यूशन शिक्षक श्रीकांत तोलानी जी का मार्गदर्शन और आशीर्वाद रहा। हिमांशी की इस सफलता पर सभी शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### फुटपाथ पर महंगाई की मार: 10 के दो समोसे अब 15 रुपये में



**छतरपुर।** शहर में बढ़ती महंगाई अब आम लोगों के रोजमर्रा के नाश्ते समोसे पर भी अपना असर दिखा रही है। जिला अस्पताल के सामने फुटपाथ पर समोसे बेचने वाले दुकानदारों ने अचानक अपने दाम बढ़ा दिए हैं। पहले जहां 10 रुपये में दो समोसे मिलते थे, वहीं अब दो समोसे के लिए 15 रुपये चुकाने पड़ रहे हैं। यानी एक समोसे की कीमत करीब ढाई रुपये बढ़ गई है। विक्रेताओं ने अपने ठेलों पर नए रेट के पोस्टर भी लगा दिए हैं, जिससे आने वाले ग्राहकों को तुरंत जानकारी हो जाती है। जो लोग रोजाना सस्ते और स्वादिष्ट समोसों का आनंद लेने यहां आते थे, वे इस अचानक बढ़ोतरी से हैरान हैं। समोसा बेचने वाले दुकानदारों का कहना है कि बढ़ती महंगाई के कारण यह कदम उनकी मजबूरी बन गया है। तेल, गैस, आलू और अन्य जरूरी सामग्री के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे उत्पादन लागत निकालना मुश्किल हो गया था। ऐसे में कीमतें बढ़ाना उनके लिए जरूरी हो गया। ग्राहकों की प्रतिक्रिया मिश्रित है। कुछ लोगों ने दाम बढ़ाने को जायज बताया तो कई ने इसे ज्यादा मानते हुए नाराजगी जताई। एक नियमित ग्राहक ने कहा, रोजाना दो समोसे खाने की आदत थी, अब महंगाई के कारण सोचना पड़ रहा है।

### संतोष ताम्रकार की बेटी ने जिले का नाम किया रोशन



**छतरपुर।** जिले के विद्यार्थियों ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। 12वीं कक्षा में हर्ष शर्मा ने 482 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, रमेश साउंड सर्विस वाले संतोष ताम्रकार की बेटी अंजलि ताम्रकार ने 477 अंक प्राप्त कर कॉमर्स संकाय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में रिक्कू पटेल ने 474 अंक के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि कुमारी अनुष्का गुप्ता ने 479 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर अपनी जगह बनाई। इन सभी विद्यार्थियों की सफलता से जिले में खुशी का माहौल है। अभिभावकों और शिक्षकों ने छात्रों की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## जैन समाज की पहल पर निःशुल्क प्याऊ का हुआ शुभारंभ




**छतरपुर।** भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत देते हुए जैन समाज ने एक सराहनीय पहल की है। गुरुवार को शहर के पुराने पन्ना नाके पर निःशुल्क पेयजल प्याऊ का शुभारंभ किया गया, जिससे गर्मी से त्रस्त लोगों को शुद्ध पीने का पानी मिल रहा है।इस मौके पर जैन समाज के सदस्यों ने बताया कि पुराने पन्ना नाके पर दिनभर लोगों का आवागमन लगा रहता है। बढ़ते तापमान को देखते हुए यहां प्याऊ शुरू करने का फैसला लिया गया। समाज के सदस्यों ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे राहगीरों को शुद्ध पानी उपलब्ध कराना सबसे बड़ा सेवा कार्य है। उन्होंने इस कार्य को प्यासे को पानी पिलाना महापुण्य की भावना से जोड़ा।

प्याऊ के शुभारंभ अवसर पर जैन समाज के कई सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली। स्थानीय नागरिकों ने जैन समाज की इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि ऐसी सेवा अन्य संस्थाओं तथा समाज के लिए भी प्रेरणादायक उदाहरण है।



## पारिवारिक मामलों को घरों में सुलझाने का प्रयास करें जिससे सामाजिक समरसता का माहौल बनेः डॉ. अवधेश प्रताप सिंह

### मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष ने विस्तार से प्रकरणों की समीक्षा की

### जिले के नागरिकों की जनसुनवाई करते हुए आवेदनों पर सुनवाई की गई

**छतरपुर।** म.प्र. मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने छतरपुर जिले के जिला पंचायत सभा कक्ष में विभिन्न शिकायतों, प्रकरणों एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित मामलों का संज्ञान लेते हुए विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उप पुलिस महानिरीक्षक मुकेश कुमार श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक रसना ठाकुर और छतरपुर जिले के कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एसपी अगम जैन, जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया सहित एसडीएम, एसडीओपी और जिला अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान आयोजित जनसुनवाई में 14 नए आवेदक नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में कुल 60 प्रकरणों की एक-एक कर गंभीरता से सुनवाई की गई। इनमें राजस्व, पुलिस, वन, स्वास्थ्य, विद्युत, पीडब्ल्यूडी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़े मामले शामिल रहे। आयोग अध्यक्ष ने सभी प्रकरणों के निराकरण के लिए समयसीमा निर्धारित करने के निर्देश दिए। डॉ. सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए नागरिकों के अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित करें, जिससे समाज में समावेशी विकास को बढ़ावा मिले। उन्होंने आर्थिक सहायता से जुड़े मामलों के त्वरित निराकरण में संतुष्टि जताई तथा पुलिस प्रकरणों में तत्परता से जांच करने के निर्देश भी दिए। ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए उन्होंने पेयजल व्यवस्था की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने समाज में बढ़ते पारिवारिक विवादों पर चिंता जताते हुए कहा कि ऐसे मामलों को आपसी समझ और सुलह के माध्यम से घरों में ही सुलझाने का प्रयास किया जाए। इससे सामाजिक समरसता का वातावरण मजबूत होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जितना समाज जागरूक होगा, उतने ही नागरिकों के अधिकार सुरक्षित रहेंगे।

## 12 वीं के रिजल्ट के बाद सप्लीमेंट्री आने पर छात्रा ने खाया जहर, हुई मौत



छतरपुर जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के सुनाटी गांव में 12वीं कक्षा के रिजल्ट के बाद एक 17 वर्षीय छात्रा की मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिवानी अहिरवार (उम्र 17 वर्ष), पिता सुरेश अहिरवार, निवासी सुनाटी, ने हाल ही में कक्षा 12 की परीक्षा दी थी। बुधवार को सुबह करीब 11 बजे जब परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, उसी दौरान उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई।परिजनों को जब घटना की जानकारी लगी तो वे तत्काल छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर किया, जहां उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया गया। मामले में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर आगे की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घटना के कारणों की जांच की जा रही है और परिजनों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं।

## मोटर साइकिल-साइकिल की भिड़ंत में दो घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

### बस स्टैंड के पास आमने-सामने टक्कर, दोनों चालकों की हालत गंभीर



**छतरपुर।** बमीठा थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के समीप गुरुवार को मोटरसाइकिल और साइकिल की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों वाहन चालक घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सरकारी अस्पताल बमीठा पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार, इमलया निवासी अवधेश कुशवाहा ने बताया कि भगवान दास कुशवाहा (28) मजदूरी के लिए साइकिल से जा रहा था, तभी सामने से आ रही मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। हादसे में भगवान दास के सिर में गंभीर चोट आई है। वहीं मोटरसाइकिल सवार दिनेश आदिवासी, निवासी शांतिनगर कॉलोनी बमीठा, भी घायल हुआ है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर भर्ती कराया गया है।



## जिला अस्पताल में फैली अव्यवस्था गर्भवती महिलाएं घंटों इंतजार को मजबूर

### भीड़, धक्का-मुक्की और सुरक्षा की कमी से परेशान मरीज, जिम्मेदार बेखबर

**छतरपुर।** जिला अस्पताल परिसर में गुरुवार को भारी अव्यवस्था का मामला सामने आया, जहां दूर-दराज से आई गर्भवती महिलाएं घंटों तक जांच के लिए इंतजार करती रहीं। महिलाओं का कहना है कि वे सुबह 9 बजे से लाइन में खड़ी हैं, लेकिन भीड़ इतनी अधिक है कि समय पर जांच नहीं हो पा रही है। अस्पताल में व्यवस्थाओं की कमी साफ नजर आई, जहां न तो पर्याप्त स्टाफ मौजूद था और न ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम।लाइन में खड़ी महिलाओं ने बताया कि पुरुष भी कतार में घुस जाते हैं, जिससे धक्का-मुक्की की स्थिति बन जाती है। इस दौरान कई महिलाएं असहज और परेशान नजर आईं। सबसे बड़ी बात यह रही कि मौके पर कोई सुरक्षा गार्ड मौजूद नहीं था, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। मामला तब गंभीर हुआ जब मीडिया ने मौके पर पहुंचकर कवरेज शुरू किया। इसके बाद ही अस्पताल प्रबंधन हरकत में आया और सुरक्षा गार्ड मौके पर पहुंचा। हालांकि तब तक महिलाएं काफी देर तक परेशान हो चुकी थीं। इस घटना ने जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# केन-बेतवा लिंक परियोजना के बाँध पर 12 दिन चला आंदोलन समाप्त

### विस्थापितों की समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों ने चर्चा की पन्ना जिले से जुड़ी समस्याओं को पन्ना के अधिकारियों ने सुना



**छतरपुर।** केन बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत बनाए जा रहे ढोडन्न बांध स्थल पर प्रदर्शन कर रहे लोगों से कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिला प्रशासन छतरपुर के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया के नेतृत्व में बैठकर सारगर्भित चर्चा की। साथ ही प्रदर्शन से जुड़ी शिकायतों, मांगो और विसंगतियों को बिंदुबार सुना गया और नियमानुसार तथ्यात्मक जिला स्तर पर हर संभव निराकरण की बात कही गई। इस दौरान पन्ना जिले के मझगांय और रूंझ बांध से जुड़े विस्थापितों की अधिक समस्याएं सामने आईं। जिसको पन्ना जिले के उपस्थित अधिकारियों ने सुना और निराकरण के निर्देश दिए। यह सौहार्दपूर्ण चर्चा लगभग 4 से 5 घंटे चली। प्रदर्शन कर रहे लोगों को आश्वस्त किया गया कि एक भी पात्र व्यक्ति नहीं छूट पाएगा और अपात्र व्यक्ति किसी भी हाल में हितलाभ लाभ की सूची में नही जुड़ पाएगा।इसके अलावा जिला पंचायत सीईओ द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि कलेक्टर छतरपुर द्वारा विस्थापित प्रत्येक ग्राम के लिए अलग जांच टीम का गठन किया गया। जिसमें बिजावर अनुभाग से पृथक विभिन्न अलग अलग संयुक्त रूप से सब डिविजन के एसडीएम, तहसीलदार एवं पटवारी और अन्य विभागों के अधिकारी भी शामिल हैं। ताकि सभी बिंदुओं का समय सीमा में निष्पक्ष निराकरण हो सके। जिसमें सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी की परिसंपत्ति एवं कोई पात्र व्यक्ति लाभ से छूटा न हो।

सौहार्द पूर्ण हुई चर्चा के दौरान डिप्टी कलेक्टर जी.एस. पटेल, एसडीएम बिजावर विजय द्विवेदी, पन्ना और अजयगढ़ के एसडीएम, प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अमित भटनागर अपने प्रतिनिधियों के साथ उपस्थित रहे। प्रदर्शन कर रहे लोगों की कुछ मांगे शासन स्तर की थी जिस पर अधिकारियों ने केन बेतवा लिंक परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियो से बैठक कराकर बिंदुओं को प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया। साथ ही मांग अनुरूप कमिश्नर सागर के साथ छतरपुर एवं पन्ना के विस्थापितों की बैठक कराने के संबंध में आश्वासन दिया गया।

